# माता-पिता-अध्यापक संगम बैठक

न्यू लुक सीनियर सैकंडरी स्कूल, लोधा में पेरेंट-टीचर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय में संचालित कक्षा नर्सरी से 12वीं तक विद्यार्थियों के पेरेंट्स एवं टीचर्स शामिल हुए। न्यू लुक स्कूल सोसायटी के सचिव श्री प्रदीप कोठारी ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक में विद्यालय विकास की कार्ययोजना बताते हुए पेरेंट-टीचर्स की भूमिका को रेखांकित किया। साथ ही बताया कि वार्षिक नवाचार के तहत स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों को शैक्षिक साधन एवं सुविधा का विस्तार कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार विद्यालय स्तरीय फीस समिति शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए गठित करनी है। इसके लिए आप RTE पोर्टल पर स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही ऑफ लाइन आवेदन की सुविधा है। आप अपना नाम, पुत्र-पुत्री का नाम, कक्षा, आपका आधार नम्बर एवं अपना मोबाइल नंबर प्रभारी श्री नयन जी पंचाल को नोट करा दें।

इच्छुक पैरेंट्स को आज ही यह सूचना देनी होगी। आपके प्राप्त आवेदन अनुसार उन्हें ऑनलाइन फीस कर लॉटरी (ऑनलाइन) होगी। इसके अनुसार शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए फीस समिति गठित की जाएगी।

गठित समिति में माता-पिता, टीचर्स एवं स्कूल प्रबंध समिति सदस्य शामिल होंगे। यह सभी गठित समिति सदस्य बैठक कर सत्र 2026-27 के लिए फीस का निर्धारण करेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक पैरेंट्स को समिति सदस्य के लिए आवेदन करने को कहा, जिससे पर्याप्त प्रतिनिधित्व के आधार पर समिति गठित कर अग्रिम कार्यवाई की जा सके। उपस्थित पैरेंट्स इस पंजिका एवं बैठक में दिए गए निर्देश को भी ठीक से समझ हस्ताक्षर करें। साथ ही उन्होंने प्रभारी नयन पंचाल को बैठक की पूर्व में भेजी गई सूचना की कॉपी भी बैठक विवरण के साथ चस्पा करने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी पैरेंट या टीचर का कोई सवाल हो तो पूछ सकते हैं।

प्राचार्य श्रीमती शिखा कोठारी ने पेरेंट्स को कक्षा एवं विद्यार्थीवार परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। उन्होंने 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन कार्य योजना, शैक्षिक मनोविज्ञान सहित विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इसके उपरांत सदस्यों ने विचार व्यक्त किए। शैक्षिक विकास पर सामूहिक चर्चा एवं उपचारात्मक शिक्षण एवं खेलकूद सहित विविध कार्यक्रम पर अभिभावकों ने शिक्षकों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर जानकारी ली।

प्रभारी नयन पंचाल ने बताया कि हमारा विद्यालय सीबीएसई से सम्बद्धता प्राप्त है, जिसके अनुसार ही SLFC (विद्यालय स्तरीय फीस कमेटी) बनेगी। अतः इसके लिए 15 अक्टूबर 2025 तक प्रक्रिया पूरी करनी है। अतः आप आवेदन कर सकते हैं।

समिति के कोषाध्यक्ष श्री हेमन्त सोनी ने सभी सदस्यों एवं अभिभावकों का आभार जताया।

सचिव
न्यू लुक स्कूल सोसायटी
क्रमांक 336/79-80
बांसवाड़ा (राज.) 327001

PRINCIPAL
New Look Sr. Sec. School
Lodha, Banswara (Raj.)
AFF. No. 1730033

न्यू लुक सीनियर सैकेंडरी स्कूल, लोहा में स्कूल स्तरीय फीस कमेटी का आयोजन किया गया। प्राचार्य शिखा कोठारी ने बताया कि शिक्षा विभाग के आदेशानुसार लॉटरी के तहत इस कमेटी का चयन किया गया है। इसकी प्रक्रिया ऑनलाइन की गई। प्राप्त आवेदन में से 5 पेरेंट्स एवं विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य एवं टीचर्स इसमें शामिल हैं। आज की बैठक का उद्देश्य शिक्षा सत्र २०२६-२७ की फीस का निर्धारण करना है। सभी सदस्यों की सहमति एवं पेरेंट्स की आर्थिक स्थिति के साथ ही विद्यालय का आय-व्यय एवं शिक्षकों के मानदेय, विद्यालय विकास सभी को ध्यान में रखते हुए निर्णय करना उचित रहेगा।

न्यू लुक स्कूल सोसायटी के सचिव डॉ. प्रदीप कोठारी ने बताया कि संस्थान राज्य एवं शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्रति वर्ष इस संबंध में निर्णय सर्व सहमति से किया जाता है।

अभिभावक सदस्य ललित कुमार ने कहा कि सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय अपना प्रस्ताव बनाएं।

श्री प्रदीप कोठारी ने फीस में 20% वृद्धि का प्रस्ताव दिया। नियम पंड्या (अभिभावक) ने इसे बहुत अधिक बताया। फीस कमेटी सदस्य हितेश दौलतानी ने भी इसे अधिक बताया।

प्राचार्य शिखा कोठारी ने भी इसे अधिक बताते हुए फीस में 10% (दस प्रतिशत) बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव रखा।

इस पर कमेटी में शामिल शिक्षक, प्रबंधन एवं अभिभावक सदस्यों ने स्वीकृति दी। इसके बाद सभी सदस्यों ने वर्ष 2026-27 के लिए 10% फीस वृद्धि पर सहमति बताई।

डॉ. सुशील सोमपुरा ने अभिभावक एवं सभी सदस्यों का आभार जताया।

नयन पंचाल
20/11/25

20/11/25

20/11/25

PRINCIPAL
New Look Sr. Sec. School
Lodha, Banswara (Raj.)
AFF. No. 1730033
School Code-

SECRETARY
New Look School Society
Reg.No.- 336/79-80
Banswara (Raj.)